भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2221

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ट्रॉमा केयर सुविधा

2221. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि ओडिशा के जाजपुर ज़िले के पनिकोली में लगभग 102 करोड़ रुपये की लागत से बनी और जून 2025 में उद्घाटन की गई 200 बिस्तरों वाली लेवल-I ट्रॉमा केयर सुविधा अभी भी शुरु नहीं हुई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ख) अवसंरचना, चिकित्सा उपकरणों, स्वीकृत पदों और चिकित्सकों, नर्सों व पराचिकित्सा कर्मचारियों की भर्ती की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार को ओडिशा सरकार से इस सुविधा को सरकारी अस्पताल/उप-मंडल अस्पताल के रूप में शुरू करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस सुविधा को सरकारी-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के अंतर्गत चलाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार ने एनएच-16 और एनएच-20 पर इसकी रणनीतिक स्थिति को देखते हुए, इस संबंध में क्या कदम उठाए हैं और इस सुविधा को पूरी तरह से शुरू करने के लिए क्या समय-सीमा नियत की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ): ओडिशा सरकार प्रदान की गई सूचना के अनुसार, क्षेत्र में आपातकालीन और ट्रॉमा परिचर्या सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए जिला जाजपुर, ओडिशा के पानीकोइली में 200-बिस्तरों वाले लेवल-I ट्रॉमा परिचर्या सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। सरकार ने उक्त सुविधा केंद्र को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत संचालित करने का निर्णय लिया है और इस सुविधा केंद्र का प्रबंधन और संचालन करने के लिए संचालन भागीदार के रूप में एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड, केरल को नियुक्त किया है, ताकि गुणवत्तापूर्ण, कुशल और विशेषीकृत ट्रॉमा परिचर्या सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

*****